Raj Express (Indore), 29th June 2026, Page – 04

संयोजन

दोनों ही संस्थानों के बीच एमओयू की तैयारी, आधुनिक तकनीक, उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण का खाका होगा तैयार

आईटीआई-आईआईटी का होगा संगम, युवाओं को मिलेंगे अवसर

● इंदौर / राज न्यूज नेटवर्क

युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में बड़ी खुशखबरी है। शासकीय संभागीय आईटीआई, नंदा नगर और आईआईटी इंदौर के बीच तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है। दोनों संस्थान आधुनिक तकनीक, नवाचार, उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण और विद्यार्थियों के क्षमता विकास के लिए आपसी सहयोग का खाका तैयार कर रहे हैं।

शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर की प्राचार्य रीना सोलंकी तथा ट्रेनिंग, प्लेसमेंट एवं अपरेंटिसशिप एडवाइजर विपिन पुरोहित ने 27 जून को आईआईटी इंदौर के 14वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आईआईटी की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया और दोनों संस्थानों के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि आईटीआई और आईआईटी के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, इंडस्ट्री आधारित प्रशिक्षण, रिसर्च और इनोवेशन से जोड़ने के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। यह पहल प्रदेश में कौशल विकास को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। इधर, आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्राचार्य रीना सोलंकी ने बताया कि आईटीआइ में विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थियों के पास आवेदन के लिए अब केवल दो दिन का समय शेष है।

समय रहते कराएं पंजीयन

आईटीआई में दो वर्षीय ट्रेडों में फिटर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, ड्राफ्ट्समैन सिविल, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, सर्वेयर, टर्नर सहित कई तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसके अलावा एक वर्षीय पाठ्यक्रमों में डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, स्टेनोग्राफी (हिंदी एवं अंग्रेजी), कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), वैल्डर, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी, फ्रंट ऑफिस असिस्टेंट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, सोलर टेक्नीशियन, मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स, वुड वर्क टेक्नीशियन सहित अनेक रोजगारपरक ट्रेड उपलब्ध हैं।